<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–23.09.2025 (सुबह–0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केन्द्र ने चालू वित्त वर्ष में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 25 लाख अतिरिक्त कनेक्शन देने का किया फैसला, प्रधानमंत्री ने कहा– यह कदम महिला सशक्तीकरण के संकल्प को करेगा मजबूत।
2. बोकारो के 13 आदिवासी मजदूर विशाखापट्टनम की कंपनी में बने बंधक, मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने मुख्य सचिव को दिए मुक्त कराने के निर्देश।
3. दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ महापर्वों को देखते हुए रांची रेल मंडल ने 14 स्पेशल ट्रेन चलाने का किया फैसला, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा को लेकर भी उठाये गये हैं ठोस कदम।
4. बंगाल की खाड़ी में बन रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन का झारखंड पर असर, आज सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला–खरसांवा में भारी बारिश की चेतावनी।
5. रांची में आयोजित 36वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले ही दिन झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, पांच स्वर्ण समेत 16 पदक जीते।

**********************

केन्द्र सरकार ने नवरात्रि के पहले दिन चालू वित्तवर्ष के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 25 लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने का फैसला किया है। महिला लाभार्थियों को अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार का यह कदम महिला सशक्तीकरण के संकल्प को और मजबूत करेगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि सरकार प्रत्येक नए कनेक्शन पर दो हजार से अधिक रुपये खर्च करेगी।

**********************

बोकारो जिले के कसमार प्रखंड की सोनपुर पंचायत स्थित सिली साड़म गांव के रहने वाले 13 आदिवासी मजदूर आंध्र प्रदेश के विशाखापटनम स्थित निकनम केमिकल प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में बंधक बने हुए हैं। इन मजदूरों की सकुशल व शीघ्र रिहाई कराने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है।

**********************

नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में पांच से 22 सितम्बर तक आयोजित सरस आजीविका मेले में झारखंड की ग्रामीण महिलाओं ने अपनी उद्यमिता और परंपरागत कला से खास पहचान बनाई। पलाश और आदिवा ब्रांड के सात स्टॉलों के माध्यम से महिलाओं ने 25 लाख रुपये से अधिक का कारोबार किया।

**********************

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ जैसे महापर्वों पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रांची रेल मंडल ने व्यापक तैयारियां की हैं। मंडल प्रशासन ने घोषणा की है कि इस बार कुल 14 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। मंडल की सीनियर डीसीएम शुचि सिंह ने बताया कि त्योहारों के सीजन में पटना, गया, दरभंगा, वाराणसी, इलाहाबाद और गोरखपुर जैसे शहरों के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी।

**********************

स्टील ऑथिरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, सेल नो बोकारो स्टील प्लांट सहित अन्य इकाइयों के कर्मियों के लिए बोनस की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार कर्मियों को 29 हजार 500 रुपये मिलेगा। बोनस की राशि आज कर्मियों के खाते में क्रेडिट कर दी जायेगी।

**********************

अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर– जीएसटी सुधारों के साथ, लोग अब इन बदलावों का लाभ उठा सकते हैं। ये सुधार कई वस्तुओं और सेवाओं पर कर को कम कर लोगों को राहत प्रदान करेंगे ।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार हिंदी फिल्म 12वीं फेल को और सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म का पुरस्कार कटहल को दिया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरुख खान को जवान फिल्म के लिए और विक्रांत मैसी को 12वीं फेल के लिए संयुक्त रूप से दिया जाएगा। अभिनेता, निर्देशक और निर्माता मोहनलाल को 2023 के लिए प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

**********************

सिमडेगा जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर शुरु किये गये सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

**********************

आज दसवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस है। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस का विषय आयुर्वेद जन–जन के लिए, आयुर्वेद पृथ्वी के लिए है। इस अवसर पर एआईआईए गोवा में राष्ट्रीय समारोह आयोजित किया जायेगा। इस दौरान आयुर्वेद के क्षेत्र में विशिष्ट योगदानकर्ताओं को राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार 2025 प्रदान किए जायेंगे।

**********************

शारदीय नवरात्र का आज दूसरा दिन है। आज माता दुर्गा के नौ रूपों में से एक मां ब्रह्मचारिणी की आराधना की जा रही है। रांची समेत राज्य के सभी पूजा पंडालों और मंदिरों में पूरी आस्था के साथ माता की वंदना की जा रही है।

**********************

उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव वाला क्षेत्र बन रहा है। कुछ घंटों में इसके और सक्रिय होने की संभावना है, जिसका असर झारखंड पर दिख रहा है। मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम के अलावा सिमडेगा और सरायकेला–खरसावां जिले में भी आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

**********************

राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में जारी 36वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। राज्य के खिलाड़ियों ने 16 पदक अपने नाम किए। इनमें 5 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं।

**********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने कोयला कर्मचारियों के बोनस का मामला अटकने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– रांची में जीएसटी में कटौती का असर, नवरात्र के पहले दिन बिकी 500 कारें व एक हजार दोपहिया।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– मुख्यमंत्री दिल्ली में, आज विशेषज्ञों से करेंगे मुलाकात।

प्रभात खबर लिखता है– दिशोम गुरु की जीवनी का सिलेबस हुआ तैयार।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– दो चरणों में हो सकते हैं बिहार विधानसभा चुनाव।

**********************